उत्तर प्रदेश

विशिष्ट करेंट अफेयर्स

फरवरी 2022

1. उत्तर प्रदेश का बखिरा वन्यजीव अभयारण्य रामसर स्थल घोषित

- उत्तर प्रदेश में बखिरा वन्यजीव अभयारण्य को रामसर समझौता द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमि के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
- रामसर समझौता आर्द्रभूमि के संरक्षण और सतत् उपयोग के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संधि है।
- गुजरात में जामनगर के पास खिजड़िया पक्षी अभयारण्य को भी रामसर स्थल घोषित किया गया है।
- इसके साथ ही भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या 49 हो गई है।

2. गणतंत्र दिवस परेड 2022 की सर्वश्रेष्ठ राज्य झांकी के रूप में उत्तर प्रदेश का चयन

- गणतंत्र दिवस परेड 2022 की सर्वश्रेष्ठ झांकी और सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ियों के परिणाम घोषित किए गए।
- भारतीय नौसेना के मार्चिंग दल को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल के रूप में चुना गया।
- उत्तर प्रदेश की काशी विश्वनाथ झांकी को 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वश्रेष्ठ के रूप में चुना गया।
- दूसरे स्थान पर कर्नाटक, उसके बाद मेघालय का स्थान रहा।
- लोकप्रिय पसंद श्रेणी में महाराष्ट्र को सर्वश्रेष्ठ चुना गया।

3. राष्ट्रीय महिला दिवस : 13 फरवरी

- भारत की कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती पर राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।
- उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में एक प्रमुख भूमिका निभाई।
- वह उत्तर प्रदेश की पहली महिला राज्यपाल थीं, जिन्हें तब संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था।
- वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

byjusexamprep.com

4. IIT कानपुर ने फसलों की सुरक्षा के लिए विकसित किया बायोडिग्रेडेबल नैनोपार्टिकल

- IIT कानपुर के शोधकर्ताओं ने एक नैनोपार्टिकल-आधारित बायोडिग्रेडेबल कारबेनॉइड मेटाबोलाइट विकसित किया है।
- इसका उपयोग रासायनिक-आधारित कीटनाशकों के विकल्प के रूप में किया जा सकता है और किसानों को अपनी फसलों को बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण से बचाने में मदद कर सकता है।
- जैव सूत्रीकरण गैर विषैले प्रकृति का है, पर्यावरण के अनुकूल है, आसानी से सड़ने योग्य है और पौधों के रोगजनकों के विकास और विकास को दबाने में मदद करता है।

5. गीता प्रेस गोरखपुर के राधेश्याम खेमका पद्म विभूषण 2022 से सम्मानित

- गीता प्रेस गोरखपुर के अध्यक्ष और सनातन धर्म की प्रसिद्ध पत्रिका कल्याण के संपादक राधेश्याम खेमका को पद्म विभूषण दिया गया।
- खेमका वाराणसी की कई प्रसिद्ध संस्थाओं से जुड़े थे। राधेश्याम खेमका की पढ़ाई बीएचयू से हुई थी।
- अप्रैल 2021 में केदारघाट स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे 87 वर्ष के थे। राधेश्याम खेमका ने 40 वर्षों से गीता प्रेस में अपनी भूमिका का निर्वाहन करते हुए अनेक धार्मिक पत्रिकाओं का संपादन किया।

6. 17 साल बाद केन-बेतवा लिंक परियोजना होगी साकार

- आम बजट 2022-23 में कृषि क्षेत्र के लिए कई अहम घोषणाएं की हैं। इसमें सबसे अहम है केन-बेतवा लिंक परियोजना। इसके लिए सरकार ने 44,605 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।
- इस परियोजना से लंबे समय से सूखा झेल रहे बुंदेलखंड क्षेत्र को फायदा मिलेगा।

byjusexamprep.com

- इसमें मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 13 जिले आते हैं। मध्य प्रदेश के पन्ना, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा और दतिया के साथ ही उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी और ललितपुर जिले के लोगों की पानी की समस्या दूर हो जाएगी।

7. वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रंगनाथ मिश्र का निधन

- लखनऊ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रंगनाथ मिश्र 'सत्य' का करीब 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- डॉ रंगनाथ मिश्र सत्य उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के साहित्यभूषण सम्मान से विभूषित थे।
- वह अगीत विधा के जनक और विरले रचनाकार थे। वह साहित्यिक संस्था अगीत परिषद के संस्थापक थे।

8. केजीएमयू उत्तर प्रदेश के 12 जिलों में शुरू कर रहा कैंसर मरीजों के लिए सहायता केंद्र

- केजीएमयू लखनऊ प्रदेश के 12 जिलों में कैंसर मरीजों के लिए सहायता केंद्र शुरू कर रहा है। यह सुविधा केजीएमयू का रेडियोथेरेपी विभाग शुरू कर रहा है।
- इसमें से गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कन्नौज, सैफई, प्रयागराज में केंद्र बन गए हैं। सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, गोंडा, बहराइच, प्रतापगढ़ इन जिलों में सेंटर विकसित होने के बाद आगे विस्तार होगा।

9. शचींद्रनाथ सान्याल की पुण्यतिथि : 7 फरवरी

- शचींद्रनाथ सान्याअल का जन्म 3 अप्रैल, 1893 को काशी (वाराणसी) में हुआ था।
- 1920-30 के दो दशकों में शचींद्र नाथ सान्याल ने वाराणसी को क्रांतिकारियों का सेंटर बना दिया था। वे क्रांतिकारी आंदोलन के मुखिया थे और दो बार काले पानी की सजा भी काट चुके थे। लेकिन देश को आजाद कराने का जज्बा कभी कम नहीं हुआ।
- हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन होने के बाद 9 अगस्त 1925 को काकोरी से लखनऊ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को रोका गया और सरकारी खजाना लूट लिया गया। इसके बाद लखनऊ में काकोरी षडयंत्र का केस चला और सान्याल को आजीवन काले पानी की सजा सुना दी गई।

10. निधिपति सिंहानिया बने यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष

- उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में निधिपति सिंहानिया निर्वाचित हुए। वहीं सचिव पद पर प्रदीप गुप्ता निर्वाचित हुए हैं।
- उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का इतिहास में पहली बार चुनाव हुआ है। वहीं इस चुनाव में किसी भी पद के लिए किसी दूसरे दावेदार ने नामांकन नहीं भरा था। जिसके चलते सभी उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए।

11. लखनऊ विश्वविद्यालय में बना फैमिली कोर्ट

- लखनऊ विश्वविद्यालय वैवाहिक मामलों के विवाद शीघ्र निपटारे भी करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय के विधि संकाय में एक केंद्र की स्थापना की गई है।
- दो साल से कोविड-19 के कारण वैवाहिक मामलों के विवादों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी हुई है। सामान्य न्यायालय इस तरह के मामलों को निपटाने में विफल रहा। इसीलिए

byjusexamprep.com
BYJU'S EXAM PREP
BYJU'S EXAM PREP SUBSCRIBE

उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में फैमिली कोर्ट की स्थापना की गयी है। वर्तमान में प्रदेश में इस प्रकार के 189 कोर्ट कार्य कर रही हैं, जिसमें भी लगभग 10000 से ज्यादा मामले लंबित हैं।

12. आईआईटी बीएचयू और निगाता विश्वविद्यालय जापान के बीच समझौता

- आईआईटी बीएचयू और निगाता विश्वविद्यालय जापान के बीच शिक्षा संयुक्त अनुसंधान व्याख्यान और संगोष्ठियों के आयोजन छात्रों व संकाय सदस्यों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ।
- दोनों संस्थानों के छात्र एक-दूसरे के यहां जाकर शिक्षा और शोध के क्षेत्र में साथ-साथ मिलकर काम कर सकेंगे। इसके लिए दोनों संस्थानों ने आपस में एक समझौता किया है।

13. सौभाग्य योजना : सौर विद्युतीकरण योजना में उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर

- माननीय प्रधान मंत्री ने 25 सितंबर 2017 को देश के हर गांव और हर जिले को कवर करने वाले सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण को प्राप्त करने के लिए सौभाग्य योजना का शुभारंभ किया।
- सौभाग्य योजना के तहत, राजस्थान में सौर-आधारित स्टैंडअलोन सिस्टम के माध्यम से सर्वाधिक 1,23,682 घरों का विद्युतीकरण किया गया, इसके बाद छत्तीसगढ़ (65,373), और फिर उत्तर प्रदेश (53,234) आता है।

byjusexamprep.com

14. भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान का 71वां स्थापना दिवस

- 16 फरवरी 2022 को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान ने अपना 71वां स्थापना दिवस मनाया।
- गन्ने के उत्पादन को बढ़ाने और नई प्रजातियों के निर्माण के लिए 16 फरवरी 1952 में लखनऊ, उत्तर प्रदेश में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई थी।

15. लखनऊ में देश का पहला ग्रीन बूथ

- 23 फरवरी, 2022 को संपन्न हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा के चौथे चरण के मतदान में लखनऊ के एपी सेन पीजी कॉलेज में ग्रीन बूथ बनाया गया।
- लोगों को पर्यावरण के प्रति बेहतर संदेश देने के लिये इस ग्रीन बूथ को बनाया गया।
- इस बूथ की विशेषता शून्य कार्बन उत्सर्जन है। यहाँ पूरी व्यवस्था का संचालन वैकल्पिक ऊर्जा (सौर ऊर्जा) से किया गया।
- इस बूथ में मतदाताओं को लोकतंत्र के उत्सव की बेहतर अनुभूति के लिये सुंदर, हैंडमेड सजावट, जैसे- रंगोली तथा पानी के लिये मटकों की व्यवस्था की गई।

16. अभिज्ञान प्रकाश की पुस्तक "फ्रॉम लखनऊ टू लुटियंस" का विमोचन



- उत्तर प्रदेश और राजनीति की नब्ज को समझने वाले वरिष्ठ पत्रकार अभिज्ञान प्रकाश की पुस्तक "फ्रॉम लखनऊ टू लुटियंस" का विमोचन यंग इंडियन्स की ओर से किया गया।
- अभिज्ञान प्रकाश की पुस्तक उत्तर प्रदेश के पिछड़ने की सूरत और कारणों के साथ समय समय पर हुए बदलाव को दर्शाती है।

byjusexamprep.com

17. कायाकल्प अवार्ड में जिला महिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर अव्वल

- उत्तर प्रदेश में कायाकल्प अवार्ड स्कीम के तहत जिला महिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर ने पहला स्थान हासिल किया है।
- दूसरे पर ललितपुर व तीसरे पर मेरठ का महिला चिकित्सालय, पहला पुरस्कार पाने वाले अस्पताल को 30 लाख रुपये मिलेंगे।

18. रेशमा पटेल ने वर्ल्ड वाकिंग चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

- प्रयागराज की रेशमा पटेल ने वर्ल्ड वाकिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंडर 20 महिला वर्ग के लिए वह भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस वर्ग में वह पूरे देश से इकलौती महिला खिलाड़ी हैं।
- वर्ल्ड वाकिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम में कुल 11 एथलीट शामिल हैं। चार से पांच मार्च को ओमान के मस्कट में होने वाली इस विश्व चैंपियनशिप में रेशमा पटेल के पास पूरी दुनिया के सामने खुद को साबित करने का मौका होगा। तीन नेशनल रिकार्ड बना चुकी रेशमा पटेल प्रयागराज के छोटे से गांव तीली का पूरा सोरांव की रहने वाली है।

19. डॉ. नीरजा माधव को डॉ. हेडगेवार सम्मान

- पूर्वी भारत की 104 साल पुरानी साहित्यिक-सामाजिक संस्था बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय कोलकाता की ओर से 32वां डॉ. हेडगेवार प्रज्ञा सम्मान काशी की डॉ.नीरजा माधव को दिया जाएगा।
- ललित निबंधकार के रूप में डॉ.नीरजा माधव के प्रभावी लेखन के लिए पुस्तकालय की चयन समिति ने यह निर्णय किया है। उन्हें सम्मान स्वरूप एक लाख रुपये और मानपत्र प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान की शुरुआत वर्ष 1990 में की गई थी। पहला सम्मान नागपुर के संस्कृत के विद्वान डॉ. श्रीधर भास्कर वर्णेकर को दिया गया था।

byjusexamprep.com

20. सिडबी ने 'वेस्ट टू वेल्थ क्रिएशन' कार्यक्रम शुरू किया

- भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने पश्चिम बंगाल के सुंदरबन में महिलाओं के लिए 'वेस्ट टू वेल्थ क्रिएशन' कार्यक्रम शुरू किया है।
- इसमें महिलाएं फिश स्केल्स से आभूषण और शोपीस बनाएगी। सिडबी वैकल्पिक आजीविका से अप्रत्यक्ष रूप से राजस्व अर्जित करने वाली 50 महिलाओं को लाभ प्रदान करेगा।
- सिडबी की स्थापना 2 अप्रैल 1990 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में की गई थी।

byjusexamprep.com